# ANNUAL REPORT

## Mahila Shishu Kalyan Sansthan Evam Hast Shilp Kala Prashiksan Kendra , Manichapper, Po- Hathua, Dist. –Gopalganj

mskshathua@gmail.com Mob:- 9934868144 \9835466251

# 2023-24

1. **KAUSAL YUVA PROGRAMME (KYP):-** BIHAR SKILL DEVELOPMENT MISSION के सहयोग से उचकागाव प्रखंड के मीरगंज में KAUSAL YUVA PROGRAMME चलाया जा रहा हैं | छात्र - छात्राओं को BS-CIT , BS- CSS, BS-CCS का प्रशिक्षण दिया गया | युवाओं को रोजगार के लिए सक्षम बनाने के मकसद से बिहार सरकार ने कुशल युवा प्रोग्राम (केवाईपी या **KYP**) शुरू किया है | यह बिहार स्किल डेवलपमेंट मिशन का हिस्सा है | कुशल युवा प्रोग्राम (**KYP**) के तहत स्टूडेंट को कम्युनिकेशन स्किल, कंप्यूटर की बेसिक शिक्षा और सॉफ्ट स्किल की जानकारी दी जाती है| प्रदेश के युवा मेधावी होने के बावजूद कंप्यूटर और अंग्रेजी की समझ कम होने से प्रतियोगिता में पिछड़ जाते हैं | यही वजह है कि **KYP** कार्यक्रम में इन्हीं चीजों पर जोर दिया जाता है, जिससे इंटरव्यू में उन्हें अच्छा प्रदर्शन करने में मदद मिलेगी | **KYP** योजना का लाभ उठाने के लिए बिहार का नागरिक होना जरूरी है | **10**वीं और **12**वीं परीक्षा पास कर चुके विद्यार्थी **KYP** योजना का लाभ उठा सकते हैं | **KYP** योजना का लाभ उठाने के लिए स्टूडेंट की उम्र **15** से **25** साल के बीच होनी चाहिए | एससी और एसटी के लिए उम्र सीमा **30** साल, ओबीसी के लिए **28** साल और दिव्यांग के लिए **30** साल है स्टूडेंट को **KYP** में कम्युनिकेशन स्किल, कंप्यूटर की बेसिक जानकारी और सॉफ्ट स्किल की जानकारी दी जाती है| इन तीनों विषय की जानकारी **240** घंटे में दी जाएगी. **3** महीने में ये तीनों **topic KYP** में पढ़ा दी जाएंगी|

   कम्युनिकेशन स्किल के तहत अंग्रेजी और हिंदी लिखने और पढ़ने के साथ ही **KYP** में बोलना भी सिखाया जाता है. इसके अलावा ग्रामर और शब्दों के बारे में भी जानकारी दी जाती है. **KYP** में शब्दों के उच्चारण पर खास ध्यान दिया जाता है|

   बच्चो को स्वंय सहायता भता तथा स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के व्याज दर पर शिक्षा लोन दिलाया गया |

2. **SEMINAR/WORKSHOP:-**

   (i) WORKSHOP ON DE ADDICTION:-नशा मुक्त भारत अभियान के तहत संस्था द्वारा सेमिनार का आयोजन किया गया | जिसमे विद्यालय के छात्र - छात्राओं नें भाग लिया | समाज और देश हित में बुरी लत से बच कर रहना इस सेमिनार का मुख्य उदेश्य था | नशे से होने वाली हानियों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया | मोबाइल और इन्टरनेट को

SECRETARY
Mahila Shishu Kalyan Sansthan
Evam Hast Silp Kala Prashikshan Kendra
Hathua (Gopalganj) Bihar

निश्चित समय अवधि के लिए पढाई और आवश्यक कार्यो के लिए ही उपयोग करने की सलाह दी गई | छात्र - छात्राओं को नशे से मुक्त रहने का संकल्प लिया गया |

(ii) <u>पर्यावरण संरक्षण एवं पौधारोपण पर विचार गोष्ठी</u> :- पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण गोष्ठी का आयोजन किया गया | पर्यावरण को बचाने और मौसम को संतुलित बनाये रखने के लिए पौधारोपण बहुत जरुरी हैं तभी हमारी भावी पीढ़ी सुरक्षति रहेगी | जीवन की दृष्टिसे पर्यावरण मानव के लिए सवोच्च जरुरत हैं | मौजूद सभी प्रतिभागियों को एक-एक पौधा दिया गया तथा उस पौधा को वृक्ष बनाने तक सेवा करने का संकल्प लिया गया |

**3. <u>HEALTH AND AMBULANCE PROGRAM:-</u>** संस्था द्वारा गोपालगंज जिला के हथुआ अनुमंडल में एम्बुलेंस सेवा दी गई| जिसके ब्लॉक स्तरीय हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करने पर लोगों को एंबुलेंस सेवा का निशुल्क लाभ मिल सकेगा । खास बात यह है कि एंबुलेंस सेवा का संचालन संस्था द्वारा ही किया जाएगा जिसमें एंबुलेंस के साथ ड्राइवर और अटेंडर 24 घंटे उपलब्ध रहेंगे। स्वास्थ्य सेवाओं के लिए ग्रामीणों को साधनों की कमी पड़ती है। एंबुलेंस उपलब्ध नहीं होने की वजह से मरीजों को स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था, संस्था द्वारा एंबुलेंस सेवा की शुरुआत किए जाने से क्षेत्र के मरीजों को एंबुलेंस की सुविधा मिलने लगी।

**4. <u>CULTURAL PROGRAM:-</u>**

**<u>पोषण माह के अवसर पर संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन</u>** :- गर्ल्स स्कूल, हथुआ में पोषण पर एक संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया | छात्राओं को पोषण के बारे में जागरूकता फ़ैलाने के लिए 7 भोज्य समूह को ध्यान में रखते हुए विभिन्न प्रकार के व्यंजन व सलाद बनाकर पोषण के महत्व को दर्शाया| छात्राओं ने सैंडविच, विभिन्न प्रकार के सलाद, सूप, साबूदाने से व्यंजन बनाया |

**5. <u>VOCATIONALTRAINING:-</u>**

(i) **<u>Computer Training-</u>** **Basic Computer Training** के अंतगर्त 60 प्रशिक्षणाथियों को प्रशिक्षत किया गया। **Computer** में जागरूकता के कमी के कारण बच्चें दुसरें परम्परागत कार्य करने लगते हैं। **Computer Training** में बच्चों को प्रशिक्षत कर उनको आर्थिक सशक्तीकरण से जोडा गया। कुछ प्रशिक्षणाथी अपना स्वयं कार्य कर रहे है।

(ii) **<u>Dress Design (Tailoring)</u>** :- इस कार्यक्रम के अंतगर्त सिलाई कटाई कशिदाकारी बुनाई और खिलौना बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। इसके अंतगर्त कुल 70 महिलाओ को प्रशिक्षत किया गया। महिलाओ को वित्तीय समावेशन में सुधार के लिए बचत वाले सूक्ष्म– वित्तीय कार्यक्रम से जोडा गया। कुछ महिलाएँ अपना व्यवसाय चला रही ळें

SECRETARY
Mahila Shisnu Kalyan Sansthan
Evam Hasth Silp Kala Prashikshan Kendra
P.O. - Hathua (Gopalganj) Bihar

## 6. INTERNATIONAL DAYS:-

**International Literacy Day :-** 8 सितम्बर को साक्षरता दिवस के अवसर पर कौशल विकाश केंद्र, मीरगंज में कार्यशाला का आयोजन किया गया | इस अवसर पर अक्षर मेला, संस्कृतिक कार्यक्रम, अक्षर शब्द, अंक दौड़, विज्ञान के चमत्कार, अंधविश्वास का पर्दाफास आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इसमें सभी उपस्थित लोगों ने संकल्प लिया कि इस प्रखंड को पूर्णत: साक्षर किया जाएगा। छात्रों को सरकार की जनधन योजना, शिक्षा ऋण, कृषि ऋण तथा व्यक्तिक ऋणों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कौशल विकास केन्द्र की ओनर सुश्री अफिजा वसीम ने जानकारी देते हुए कहा कि इसके तहत छात्र तकनिकी शिक्षा एवं उच्चशिक्षा के लिए स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के माध्यम से ऋण लेकर पढ़ाई कर सकते हैं।

**International Women's Day :-**8 मार्च 2022 को अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर श्यामा मार्कट, मीरगंज महिलाओ में आत्मविश्वास बढाने हेतु महेंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महिला सशक्तीकरण विषय पर कार्यशाला की गई| महिलाओं का सम्मान और उनकी उपलब्धियों का योगदान ,खुले में शौच से मुक्ति, शराबबंदी, बाल विवाह एवं दहेज प्रथा जैसी बुराईयों पर भी चर्चा की गई।

**World Aids Day-** 1 दिसम्बर को WORLD AIDS DAY के अवसर पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया | इस कार्यशाला में AIDS से बचाव के तरीके के बारे में लोगो को जागरूप किया गया | एड्स को लेकर हमारे समाज में कई मिथक हैं लोगो को इस बीमारी के प्रति जागरूप किया गया |

**7.** DEATH ANNIVRSARY OF FOUNDER MEMBER :- हर साल के भांति इस साल भी संस्था के संस्थापक सह सचिव म० वसीम तथा संस्था की सदस्य नसीम अफरोज की पुण्यतिथि मनाई गई है। सचिव म० वसीम का जीवन गोपालगंज जिला के संस्था जगत के हर किसी के लिए आदर्श है। इसी आदर्श को हमेशा याद रखने के लिए 18 नवम्बर को स्मृति दिवस के तौर पर मनाया जाता है। म० वसीम ने महज 25 साल की उम्र में ईश्वर और ज्ञान की प्राप्ति के लिए सांसारिक मोह माया त्याग कर समाजिक कार्यो के लिए अपना जीवन दे दिये |

SECRETARY
Mahila Shishu Kalyan Sansthan
Evam Hasth Silp Kala Prashikshan Kendra
P.O. - Hathua (Gopalganj) Bihar